**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**प्रेस विज्ञप्ति**

1. संसद का शीतकालीन सत्र, 2022, जो बुधवार, 7 दिसंबर, 2022 से आरंभ हुआ था, शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सत्र के दौरान 17 दिनों की अवधि में कुल 13 बैठकें हुई।

2. सत्र मूल रूप से 7 दिसंबर, 2022 से 29 दिसंबर, 2022 तक 17 बैठकों के लिए निर्धारित किया गया था, परंतु आवश्यक सरकारी कार्य पूरा हो जाने और संसद के दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियों की सिफारिश पर समय से पहले समाप्त कर दिया गया। दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियों ने क्रिसमस/वर्षांत समारोह के लिए सभी दलों के संसद सदस्यों की मांग और भावनाओं का संज्ञान लिया।

3. सत्र के दौरान, वर्ष 2022-23 की अनुपूरक अनुदान मांगों के पहले बैच और वर्ष 2019-20 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर चर्चा की गई और पूर्ण रूप से मतदान किया गया तथा संबंधित विनियोग विधेयकों को दिनांक 14.12.2022 को लोक सभा में पुर:स्थापित किया गया और लगभग 11 घंटे की चर्चा के बाद पारित किया गया। राज्य सभा ने करीब 9 घंटे की बहस के बाद दिनांक 21.12.2022 को इन विधेयकों को लौटा दिया।

4. दो विधेयकों, अर्थात "मौजूदा कानून को सुदृढ करके और 97वें संवैधानिक संशोधन के उपबंधों को शामिल करते हुए बहुराज्य सहकारी सोसाइटियों में शासन को मजबूत करने, पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में सुधार करने आदि के लिए और बहुराज्य सहकारी सोसाइटियों में निगरानी तंत्र में सुधार करने और व्यापार सुगमता सुनिश्चित करने के लिए **'बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2022'** और जीवनयापन और व्यवसाय सुगमता हेतु विश्वास-आधारित शासन को सुदृढ करने के लिए मामूली अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और उन्हें युक्तिसंगत बनाने हेतु कुछ अधिनियमों में संशोधन करने के लिए **"जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2022"** को अपने-अपने सदन में प्रस्ताव पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया।

5. सत्र के दौरान 9 विधेयक (लोक सभा में) पुर:स्थापित किए गए। लोक सभा द्वारा 7 विधेयक और राज्य सभा द्वारा 9 विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयकों की कुल संख्या 9 है। सत्र के दौरान दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए कुछ प्रमुख विधेयक इस प्रकार हैं:

**वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022** कानून के तहत संरक्षित प्रजातियों की संख्या को बढ़ाने और वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन को लागू करने का प्रयास करता है।

**ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022** (क) ऊर्जा और फीडस्टॉक के लिए ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, बायोमास और इथेनॉल सहित गैर-जीवाश्म स्रोतों के उपयोग को अनिवार्य करने; (ख) कार्बन बाजार स्थापित करने; (ग) बड़े आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण व्यवस्था के दायरे में लाने; (घ) ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग कोड के दायरे को बढ़ाने; (ङ) जुर्माने के प्रावधानों में संशोधन करने; (च) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की शासी परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़ाने; (छ) राज्य विद्युत विनियामक आयोगों को अपने कार्यों के निर्विघ्न निर्वहन के लिए विनियम बनाने हेतु सशक्त करने की मांग करता है।

**नई दिल्ली माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022** केंद्र का नाम नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र से बदलकर भारत अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र करने का प्रस्ताव करता है ताकि कानून द्वारा यथा प्रदत्त राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की विशिष्ट पहचान स्पष्ट हो और इसका वास्तविक उद्देश्य प्रदर्शित हो।

**संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022** संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 और संविधान (अनुसूचित जनजातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 को उत्तर प्रदेश के चार जिलों अर्थात (i) चंदौली, (ii) कुशीनगर, (iii) संत कबीर नगर, और (iv) भदोही में गोंड समुदाय को अनुसूचित जाति से बाहर करने और इन चार जिलों में उसे अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता देने के लिए संशोधन की मांग करता है।

**समुद्री दस्युता-रोधी विधेयक, 2022** खुले समुद्र में समुद्री डकैती के दमन के लिए विशेष प्रावधान करने और समुद्री डकैती के अपराध के लिए सजा का प्रावधान करने और उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए प्रावधान करने का प्रस्ताव करता है।

**संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022** तमिलनाडु में अनुसूचित जनजातियों की सूची में नरिकोरवन और कुरिविकरण समुदायों को शामिल करने के लिए तमिलनाडु राज्य में अनुसूचित जनजातियों की सूची को संशोधित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 में और संशोधन करने की मांग करता है।

**संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022** कर्नाटक में अनुसूचित जनजातियों की सूची में काडू कुरूबा के पर्याय के रूप में बेट्टा-कुरूबा को शामिल करने हेतु कर्नाटक राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूची को संशोधित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 में और संशोधन करने की मांग करता है।

6. लोक सभा में पुर:स्थापित विधेयकों, लोक सभा द्वारा पारित विधेयकों, राज्य सभा द्वारा पारित विधेयकों और दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयकों की सूची अनुबंध के रूप में संलग्न है।

7. लोक सभा में, नियम 193 के तहत निम्नलिखित विषयों पर दो अल्पावधि चर्चाएं हुई:-

(i) "देश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग की समस्या और उस पर सरकार द्वारा उठाए गए कदम"; तथा
(ii) "भारत में खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता और सरकार द्वारा उठाए गए कदम" पर चर्चा पुन: शुरू हुई और पूरी हुई।

इन दोनों चर्चाओं पर 15 घंटे से अधिक का समय लगा जिसमें सभी दलों से 119 सदस्यों ने भाग लिया।

राज्य सभा में, नियम 176 के तहत "ग्लोबल वार्मिंग के गंभीर प्रभाव और इससे निपटने के लिए उपचारात्मक कदमों की आवश्यकता" पर एक अल्पावधि चर्चा हुई जो 3 घंटे तक चली और जिसमें 17 सदस्यों ने भाग लिया।

8. लोक सभा की उत्पादकता लगभग 97% व राज्य सभा की उत्पादकता लगभग 103% रही।

***

**अनुबंध**

**17वीं लोक सभा के 10वें सत्र और राज्य सभा के 258वें सत्र (शीतकालीन सत्र) के दौरान निष्पादित विधायी कार्य**

**I – लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयक**

1. बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2022
2. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
3. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022
4. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022
5. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022
6. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
7. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
8. निरसन और संशोधन विधेयक, 2022
9. जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2022

**II – लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
2. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
3. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
4. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022
5. समुद्री दस्युता रोधी विधेयक, 2022
6. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022
7. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022

* संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022

**III – राज्य सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022
2. ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022

3. नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022
4. संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
5. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
6. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
7. समुद्री दस्युता रोधी विधेयक, 2022
8. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
9. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022

**IV – संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022
2. ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022
3. नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022
4. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
5. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
6. संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
7. समुद्री दस्युता रोधी विधेयक, 2022
8. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
9. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022

*राज्य सभा द्वारा किए गए संशोधनों को लोक सभा द्वारा स्वीकार किया गया।

***